# Order Sheet (subsequent)

राजस्थान राज्य बनाम सुनील वगै०

सेशन प्रकरण संख्या : 11/2023

| Date | Order with initials of Presiding Officer | Brief note of compliance of the order |
|---|---|---|
| लगातार..... 02.02.2026 | कांनिस्टेबल की पुलिस ट्रेनिंग पर होने से थाने पर उपस्थित नहीं होने के कारण पुलिसथाना कोतवाली बारां की ओर से हस्तगत प्रकरण से संबंधित माल न्यायालय में पेश किये जाने में असमर्थता रही है। लोक अभियोजक द्वारा गवाह मोहनलाल को परीक्षित करवाये जाने हेतु एक अवसर चाहा गया।<br>प्रकरण लक्षित प्रकरणों में शुमार है। लोक अभियोजक के निवेदन पर गवाह को आगामी पेशी हेतु पाबंद किया जाकर रूखसत किया गया। लोक अभियोजक को आइंदा पेशी पर गवाह (पी.ड.11) मोहनलाल यादव को प्रकरण से संबंधित माल सहित न्यायालय में साक्ष्य हेतु उपस्थित रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>पत्रावली वास्ते साक्ष्य अभियोजन 13.02.2026 को पेश हो।<br>सत्यनारायण टेलर<br>जिला एवं सेशन न्यायाधीश<br>बारां (राज.) | |
| 13.02.2026 | लोक अभियोजक उपस्थित। अभियुक्त सुनील, सुरेन्द्र, महावीर मीणा उपस्थित। अधिवक्ता अभियुक्तगण श्री लालसिंह मारन उपस्थित। प्रकरण में अन्य अभियुक्त शिवभरत मफरूर है।<br>साक्ष्य में गवाह मोहनलाल यादव उपस्थित आया। उक्त गवाह पी.ड.11 मोहनलाल के बयान लिये गये, जो अधिवक्ता अभियुक्त के निवेदन पर डैफर किये गये। गवाह को आगामी पेशी दिनांक 24.02.2026 हेतु पाबंद किया जाकर रूखसत किया गया।<br>लोक अभियोजक द्वारा हस्तगत प्रकरण में डॉ.महेश यादव रेडियोलॉजिस्ट व राकेश मीणा रेडियोग्राफर राजकीय चिकित्सालय बारां का नाम जोड़े जाकर साक्ष्य हेतु तलब किये जाने बाबत् प्रार्थना–पत्र पेश किया। जिसकी नकल अधिवक्ता अभियुक्तगण को दिलाई गई। अधिवक्ता द्वारा जवाब को अवसर चाहा।<br>पत्रावली वास्ते जवाब प्रार्थना–पत्र हेतु दिनांक ~~18.02.2026~~ व साक्ष्य हेतु दिनांक 24.02.2026 को पेश हो।<br>सत्यनारायण टेलर<br>जिला एवं सेशन न्यायाधीश<br>बारां (राज.) | महावीर मी०<br>बाद बयान न्यायालय श्री ... माल प्राप्त किया<br>176 |

PS ...